# जगत रखवाला आया मुरलीवाला

जगत रखवाला आया मुरली वाला,
आया मुरली वाला, आया बंसी वाला,
जगत रखवाला....

लट घुंघराले काली काली,
मुकुट मोर वाला आया मुरली वाला,
जगत रखवाला.....

नैन कटीले बड़े नीले नीले,
चंदन के तिलक वाला हाय मुरली वाला,
जगत रखवाला.....

होंठ हैं पतले बोल रसीले,
वह काली कमली वाला आया मुरली वाला,
जगत रखवाला....

तन पीतांबर हाथ मुरलिया,
बैजंती माल वाला हाय मुरली वाला,
जगत रखवाला....

कमर करधनिया पैरों में पायलिया,
वह टेढ़ी चाल वाला हाय मुरली वाला,
जगत रखवाला.....

ग्वाल वालों सब मिलकर बोलें,
राधा का श्याम प्यारा आया मुरली वाला,
जगत रखवाला.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27511/title/jagat-rakhwala-aaya-murliwala

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |